संसद सदस्यों ने श्री बलि राम भगत को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन; लोक सभा उपाध्यक्ष, डॉ एम तंबिदुरै; पूर्व उप-प्रधानमंत्री और लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी; संसद सदस्यों तथा पूर्व संसद सदस्यों ने आज लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री बलि राम भगत की जयंती पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।

लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र, राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के शेरिफ तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी श्री बलि राम भगत को श्रद्धासुमन अर्पित किए । इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री बलि राम भगत के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा व्यापक संसदीय अनुभव संपन्न और संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं के ज्ञाता, श्री बलि राम भगत को 5 जनवरी, 1976 को पांचवीं लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया था। वह अंतरिम संसद, पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवीं, सातवीं और आठवीं लोक सभा के सदस्य रहे। केन्द्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त, योजना, रक्षा, विदेश, विदेश व्यापार और आपूर्ति, इस्पात और हैवी इंजीनियरिंग सहित अनेक महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। उन्होंने फरवरी, 1993 से चार महीने के लिए हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल तथा 30 जून, 1993 से 1 मई, 1998 तक राजस्थान के राज्यपाल का कार्यभार संभाला।

श्री बलि राम भगत का निधन 2 जनवरी 2011 को नई दिल्ली में हुआ ।